# चुनो, सम्मान करो, परिपोषण करो

## सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा सिद्धयोग सत्संग

गुरुवार, २७ जनवरी, २०२२

आत्मीय पाठक,

जैसे-जैसे फ़रवरी का माह निकट आने लगा है, विश्वभर के लोग चीनी नववर्ष का उत्सव मनाने की तैयारियाँ करने लगे हैं, और साथ ही गणेश जयन्ती और वसन्त पंचमी के त्यौहार मनाने की तैयारियाँ भी करने लगे हैं। सिद्धयोग पथ पर भी हम उत्सव मना रहे हैं। यह वर्ष श्रीगुरुगीता पाठ के स्वर्ण महोत्सव का वर्ष है, और हम वर्ष २०२२ के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश पर चिन्तन-मनन कर रहे हैं व उसका अभ्यास कर रहे हैं।

और, जल्द ही हमारे लिए और भी कुछ आने वाला है।

शनिवार, ५ फ़रवरी को ईस्टर्न स्टैन्डर्ड टाइम [यू. एस. ए.] के अनुसार प्रातः १० बजे, सिद्धयोग वैश्विक हॉल में सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा एक सिद्धयोग सत्संग आयोजित होगा। सत्संग का आरम्भ ‘ज्योत से ज्योत जगाओ’ आरती के साथ होगा और उसके बाद हम श्रीगुरुगीता का पाठ करेंगे।

भगवत्प्राप्ति के अनेक मार्ग हैं। अनेक आध्यात्मिक अभ्यास हैं जिनमें लोग रत रहते हैं। भगवान को जानने के कई तरीक़े हैं। श्रीगुरुगीता भगवान को जानने के हमारे प्रयत्नों में निहित श्रीगुरु की कृपाशक्ति की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करती है, और इस बात पर बल देती है कि श्रीगुरु की सिखावनियों का दृढ़ता से अनुपालन करना महत्त्वपूर्ण है।

श्रीगुरुगीता के  श्लोक ९९ में कहा गया है : “श्रीगुरु द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण कर मन की शुद्धि करनी चाहिए।” अतः, ५ फ़रवरी २०२२ को होने वाले सिद्धयोग सत्संग का शीर्षक इसी सिखावनी से जुड़ा है। इस सत्संग का शीर्षक है, ***चुनो, सम्मान करो, परिपोषण करो।***

आदर सहित,
कार्लोस डेल क्वेटो

© २०२२ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।